>

Title: Problems being faced by the Banjara Tribals in Mehboobnagar, Andhra Pradesh due to non-payment of wages under National Rural Employmnet Guarantee Scheme.

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल): सभापति महोदय, मैं आंध्र प्रदेश के महबूब नगर के एक बहुत ही गम्भीर मामले की ओर आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। महबूब नगर एक ऐसा डिस्ट्रिक्ट है, जहां वर्षों से लेबर बहुतायत में रहती है, जिसे पालमुरी लेबर कहते हैं। इसलिए माननीय प्रधान मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वहां 2 फरवरी, 2007 को लांच की थी। इसलिए कि वहां लेबर बहुत अधिक मात्रा में है। वहां की लेबर अपने पेमेंट के लिए महबूब नगर के डिस्ट्रिक्ट कलैक्टर से मिलने गई थी। वे लोग चार दिन से भूखे थे। उनके पेट में अन्न का दाना भी नहीं था। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट कलैक्टर को कहा कि हमारा दो महीने से पेमेंट नहीं मिल रहा है।

महोदय, उन्हें पेमेंट नहीं दिया गया, बल्कि उनके साथ गाली-गलौच की गई। ये ट्राइबल लेबरर्स थे। ये लम्बारा और बंजारा ट्राइबल थे। यह बहुत सीरियस मामला है। वहां जो हादसा हुआ है, इसे ट्राइबल लेबरर्स पर एट्रोसिटीज मानकर कार्रवाई की जानी चाहिए। वहां मानव अधिकार आयोग के अधिकारीगण आए थे। उन लेबरर्स को अभी तक पेमेंट नहीं हुई है। पेमेंट देने की बजाय, जो महबूब नगर की डी.एम. हैं, जिनके हस्बैंड हैदराबाद में डी.सी.पी. हैं, वे उन लेबर के ऊपर पुलिस कार्रवाई कर रही है। उन्हें पेमेंट मिलने की बजाय पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

महोदय, जहां लेबर की अधिकता के कारण प्रधान मंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का उद्घाटन हुआ हो, वहां ऐसी बात हो, यह ठीक नहीं है। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और केन्द्र में भी कांग्रेस की सरकार है। यह बहुत गम्भीर मामला है। इसलिए मैं चाहूंगा कि आप इस घटना की ओर ध्यान दें। वहां के सी.ओ. को यहां से आदेश जाने चाहिए और ऐसे डी.एम. को नौकरी से हटाना चाहिए। वहां गरीबों के ऊपर और ट्राइबल्स के ऊपर अत्याचार हो रहा है। देश में आज भी अत्याचार होता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि यहां से डायरैक्शन जानी चाहिए और ऐसे लोगों को, ऐसे ऑफीसर्स को सर्विस में नहीं रखना चाहिए। उन्हें सस्पेंड करना चाहिए। हमारी मांग है कि सरकार उनके ऊपर कार्रवाई करे। लम्बारा और बंजारा ट्राइबल लेबर के ऊपर अन्याय हुआ है। धन्यवाद।